# आईटीएम में 'एलुमनाई मीट-2026' का आयोजन

## वर्तमान और पूर्व विद्यार्थियों के बीच संवाद



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 23 नंवबर।** आईटीएम ग्वालियर के सिथौली परिसर में 'एलुमनाई मीट-2026' का आयोजन एलुमनाई एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया। 'रीयूनाइट, रीलिव, रिग्नाइट' थी पर आयोजित इस समारोह में एलमनाई ने पूरे उमंग और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस अवसर पर आईटीएम ग्वालिर के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. दौलत सिंह चौहान, डीन एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डीन एकेडमिक्स डॉ. एसएस चौहान, डीएसडब्ल्यू डॉ. नितिन दीक्षित, डीन एलुमनी अफेयर्स डॉ. श्यामबाबू सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और बड़ी संख्या में पूर्व एवं वर्तमान छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

डीन एकेडमिक्स डॉ. एसएस चौहान ने शैक्षणिक उत्कृष्टता और पूर्व छात्र-छात्राओं के अनुभवों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि एलुमनाई नेटवर्क संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और व्यावसायिक पहचान को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नितिन दीक्षित ने छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में ऐसे आयोजनों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एलुमनाई मीट वर्तमान और पूर्व विद्यार्थियों के बीच संवाद, सहयोग और आपसी जुड़ाव का एक प्रभावी मंच है। वहीं डीन एलुमनी अफेयर्स डॉ. श्यामबाबू ने एलुमनाई एसोसिएशन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावशाली बनाने पर जोर दिया।

> **पूर्व छात्र सबसे बड़ी पूंजी और गौरव हैं : डॉ. चौहान**
>
> इस अवसर पर आईटीएम ग्वालियर के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. दौलत सिंह चौहान ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की वास्तविक पहचान उसके छात्र-छात्राओं की सफलता, उपलब्धियां और समाज में उनके योगदान से होती है। पूर्व छात्र-छात्राएं आईटीएम ग्वालियर की सबसे बड़ी पूंजी और गौरव हैं।

**पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव किए साझा :** वर्षों बाद एक-दूसरे से मिले सहपाठियों के बीच कॉलेज के दिनों की यादों, कक्षाओं में बिताए पलों, मित्रता और शिक्षकों के मार्गदर्शन से जुड़े अनुभवों को साझा करने सिलसिला देखने को मिला। इस दौरान विभिन्न बैचों के पूर्व छात्र-छात्राओं को एक मंच पर लाकर आपसी संबंधों को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ आईटीएम ग्वालियर के साथ भविष्य में सहयोग करने की नई संभावनाओं को भी प्रोत्साहित किया गया।

## विश्व धरोहर सप्ताह :छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**ग्वालियर, 23 नवम्बर।** विश्व धरोहर सप्ताह के तहत जिले में पुरातत्व धरोहरों पर केन्द्रित कार्यक्रम एवं गतिविधियां जारी हैं। इस क्रम में सोमवार को मोतीमहल में विद्यार्थियों के लिए विशेष धरोहर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यह प्रतियोगिता परिवहन न्यायालय के न्यायाधीश शिवकांत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में विद्यार्थियों से ग्वालियर एवं मप्र के ऐतिहासिक स्मारकों, पुरातात्विक स्थलों, भारतीय इतिहास, कला, संस्कृति एवं स्थापत्य कला से संबंधित प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी जानकारी एवं ज्ञान का प्रदर्शन किया। संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय के दिशा-निर्देशों के तहत यह प्रतियोगिता आयोजित की गई।

# चुनाव आयोग से बीएलओ के स्थायी पदों की मांग

## शिक्षकों और कर्मचारियों पर बढ़ते काम के बोझ पर संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**ग्वालियर, 23 नवम्बर।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग को ग्वालियर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा गया है। इस ज्ञापन में देश के लगभग 10 लाख 35 हजार मतदान केंद्रों पर निर्वाचन कार्य के लिए नवीन पद स्वीकृत कर बूथ लेवल अधिकारियों की स्थायी नियुक्ति करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौपने वालो में संगठन के जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, संरक्षक कमलकिशोर पाठक तथा प्रांताध्यक्ष विजय मिश्रा शामिल थे।

ज्ञापन में मांग कि गई है कि देश में करीब 90 करोड़ मतदाताओं के लिए लगभग 10 लाख 35 हजार से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां मतदाता सूची को अद्यतन करने का कार्य प्रतिवर्ष 1 जनवरी की स्थिति में निरंतर चलता है तथा गहन पुनरीक्षण लगभग 15 से 20 वर्ष में होता है।

ज्ञापन में बताया गया है कि अचानक और अनियमित रूप से कर्मचारियों की बीएलओ ड्यूटी लगाने, तकनीकी दक्षता के अभाव और अत्यधिक कार्यभार के कारण कर्मचारियों पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है।

> **यह प्रमुख समस्याएं गिनाईं...**
>
> प्रत्येक बीएलओ के पास मतदाताओं की संख्या अधिक होने और शहरी क्षेत्रों में मतदान केंद्र की सीमाओं की जानकारी न होने से संपर्क में अधिक समय लगता है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में परिवार के सदस्यों के अलग-अलग जगह जुड़े होने से कंप्यूटर पर ऑनलाइन सर्च करने में दिक्कत आती है।वेबसाइट के सर्वर पर लोड के कारण दिन में पोर्टल ठीक से नहीं चलने से बीएलओ को रात में जागकर ऑनलाइन कार्य करना पड़ता है। सेवानिवृत्ति के करीब पहुंचे कई कर्मचारियों को मोबाइल व ऑनलाइन कार्य में दक्ष न होने के बावजूद ड्यूटी पर लगाए जाने से मानसिक परेशानी हो रही है। दिन में क्षेत्र व चौपालों में जाने के दबाव तथा रात में ऑनलाइन कार्य के कारण महिला व बुजुर्ग कर्मचारियों को विशेष कठिनाई होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में अशिक्षा के कारण अधिकांश फॉर्म बीएलओ को स्वयं भरने पड़ते हैं।

# चित्रगुप्त धाम सर्व देव मंदिर में दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव मना

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 23 नवम्बर।** भगवान श्री चित्रगुप्त धाम सर्व देव मंदिर, कायस्थ छात्रावास दौलतगंज, ग्वालियर में दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन धार्मिक श्रद्धा, उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवंबर माह में जन्मदिन एवं विवाह वर्षगांठ मनाने वाले



समाजबंधुओं का सामूहिक जन्मोत्सव एवं वैवाहिक वर्षगांठ समारोह वैदिक विधि-विधान से श्री चित्रगुप्त जी के चालीसा पाठ एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन पूजन पंडित राजेश्वर राव एवं पंडित दिव्यांश भार्गव ने संपन्न कराया। भगवान श्री चित्रगुप्त जी की महाआरती एवं स्तुति की गई तथा 108 दीप प्रज्वलित कर मंदिर परिसर को भक्तिमय वातावरण से आलोकित किया गया। संस्था के सचिव अरुण कुलश्रेष्ठ एवं आकाश श्रीवास्तव ने सभी समाज बंधुओ का एवं आगंतुक बंधु बांधव का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट सुरेंद्र कुमार खरीदने किया। कार्यक्रम में डॉ. बीआर श्रीवास्तव अशोक निगम हेमंत खरे केपी श्रीवास्तव श्याम श्रीवास्तव अमित श्रीवास्तव महेंद्र श्रीवास्तव महेंद्र कुलश्रेष्ठ आदि मौजूद थे।

हवन-पूजन के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान



## वार्ड 27 में सीसी रोड निर्माण के लिए विधायक ने किया भूमिपूजन

**ग्वालियर, 23 नवम्बर।** क्षेत्र का विकास और नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। सड़क, बिजली, पानी और स्वच्छता जैसी सुविधाएं प्रत्येक क्षेत्र के नागरिकों का अधिकार हैं। इसी उद्देश्य के साथ क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। यह विचार आज 16 ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने एम.आई.सी सदस्य एवं क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती लक्ष्मी सुरेश गुर्जर के साथ वार्ड क्रमांक 27 के मथुरा प्रसाद के बंगले से सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम में व्यक्त किये। इस सड़क का निर्माण लगभग 11 लाख 60 हजार रुपये की लागत से कराया जाएगा। इस अवसर पर विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा कि सड़क निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और लंबे समय से महसूस की जा रही सड़क संबंधी परेशानी से राहत मिलेगी।

इस दौरान प्रतीक जैन (लालू जैन), राहुल गुर्जर, हरीबाबू जाट, अमरेश गुर्जर, कृष्णा गुर्जर, जसवंत सेजवार, दशरथ सिंह, संजय जैन, बल्लू पंडित, अलाउद्दीन खान, रफीक खान, राजेंद्र पाल, रामलाल बाथम, ब्रजेश धानुक, जीतू वर्मा, जुगल अरोरा, कपिल मंडेलिया, मनीष कैथेले सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन, क्षेत्रवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मुख्य मार्गों से हाथ ठेले वालों को हटाकर हॉकर्स जोन भेजा

**ग्वालियर 23 नवम्बर।** मदाखलत अमले ने शहर के प्रमुख बाजारों एवं व्यस्त मार्गों से यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले हाथ ठेलों, फड़ों एवं दुकानों के बाहर रखे अतिक्रमण को हटवाया।

हजीरा चौराहा, इंटक मैदान के बाहर, चार शहर का नाका रोड, किलागेट रोड सहित विभिन्न स्थानों पर खड़े यातायात में बाधक हाथ ठेलो, फुटपाथी दुकानों एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटवाने की कार्यवाही की गई तथा हाथ ठेलों, फुटपाथी दुकानों को हॉकर्स जोन के अन्दर भिजवाया गया एवं अवागमन मार्ग क्लियर करवाया गया। साथ ही सम्बन्धितो को पुन: उक्त स्थल पर किसी भी प्रकार के हाथ ठेले या अतिक्रमण ना करने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही कुशवाह मैरिज गार्डन के बगल से तानसेन मकबरे वाली गली पर नाली के ऊपर रखी बैन्ड बाजो की रेडीयां, प्लास्टिक की लेजमो आदि रखे सामानो को मदाखलत दल दारा हट्वाया गया। साथ ही सम्बधितों को भविष्य में उक्त स्थल पर सामान ना रखने एवं अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी गई। कार्यवाही के दौरान मदाखलत निरीक्षक श्रीकान्त सेन सहित दल मौजूद रहा। हेमू चौक, छापाखाना, स्काउट, गाँधी मार्केट के मुख्य मार्गे से हाथ ठेले एवं बाजारों के मुख्य मार्ग से यातायात में अबरुद्ध फुटपातियों के फड़ को हटवाया जाकर रास्ता क्लियर कर मुख्य मार्ग अबरुद्ध ना करने की हिदायत दी गई। उक्त कार्यवाही के दौरान मदाखलत निरीक्षक श्री आजाद खान सहित दल दक्षिण मौके पर उपस्थित रहा।

## हरनाम सिंह नेता की 26वीं पुण्यतिथि 27 को

**ग्वालियर, 23 नवम्बर।** ग्राम रुरई में 27 नवंबर को हरनाम सिंह नेता की 26वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। हरनाम सिंह नेता अपने समय के बड़े राष्ट्रभक्त थे। उनका संदेश था कि सदा परहित में संलग्न रहो, क्योंकि परहित ही मोक्ष है। इसी संदेश को लेकर पुण्यतिथि पर सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रभात फेरी निकाली जाएगी। बच्चों के खेल होंगे। सम्माननीय व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही एक परिचर्चा भी होगी, जिसका विषय है- हरनाम नेता का राष्ट्र के संदर्भ में चिंतन क्या था। आयोजकों ने लोगों से अपील की है कि वे आएं और पुण्यतिथि सत्संग का आनंद उठाएं।

## भवन निर्माण सामग्री सड़क पर डालने पर वसूला जुर्माना

**ग्वालियर 23 नवम्बर।** शहर स्वच्छ व साफ रहे इसलिए गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों एवं भवन निर्माण सामग्री सडक पर डालने वालों पर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक चौधरी के निर्देशानुसार भवन निर्माण सामग्री सड़क पर डालने वालों पर निरंतर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज क्षेत्रीय कार्यालय 24 के क्षेत्राधिकारी सत्येन्द्र उपाध्याय द्वारा वार्ड 65 सावरियाधाम अजयपुर पर श्रीमती साधना खरे द्वारा सड़क पर भवन निर्माण सामग्री डालने पर 11000 रूपये का जुर्माना वसूला गया।


## आम सूचना

श्रीमती शकुन्तला पत्नी स्व. श्री हुकूम सिंह, मनाली सिंह पुत्री स्व. श्री हुकूम सिंह, श्रीमती पूनम सिंह पुत्री स्व. श्री हुकूम सिंह पत्नी श्री धीरेन्द्र सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भूखण्ड क्र.17 (सम्पूर्ण) स्थित माहौर चौराहा, नंद पुरा रोड, ग्राम बडोखर, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.28 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.989/11 ग्राम बडोखर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में -ग्रीन एप्पल गार्डन की बाउंड्री, पश्चिम में रोड, उत्तर में- भूखण्ड क्र.14 एवं दक्षिण में भूखण्ड क्र.20 है। उक्त सम्पति एवं संलग्न सम्पति पूर्व में श्री हुकूम सिंह पुत्र श्री चंदन सिंह एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री हुकूम सिंह का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्रीमती शकुन्तला पत्नी स्व. श्री हुकूम सिंह, मनाली सिंह पुत्री स्व. श्री हुकूम सिंह, श्रीमती पूनम सिंह पुत्री स्व. श्री हुकूम सिंह पत्नी श्री धीरेन्द्र सिंह, श्री सतवीर सिंह पुत्र स्व. श्री हुकूम सिंह उनकी सम्पति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकार्ड में अपना नाम इंद्राज कराया। श्रीमती शकुन्तला, मनाली सिंह, श्री पूनम सिंह द्वारा अपने भाग की सम्पति के संबंध में श्री सतवीर सिंह पुत्र स्व. श्री हुकूम सिंह के हित में ई-रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम विलेख क्र. एमपी 27 आईजीआर 17912025ए 400737443 दिनांक 20.08.2025 को सम्पादित किया गया। श्रीमती शकुन्तला, मनाली सिंह, श्री पूनम सिंह जर्ये मुख्त्यारआम श्री सत्यवीर सिंह द्वारा उक्त सम्पति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती शिवांगी धाकड़ पत्नी श्री अजीत यादव के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती शिवांगी धाकड़ द्वारा उक्त सम्पति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार टाटा कैपीटल हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री हुकूम सिंह के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित-निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरुद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक- **नीरज जैन, एडवोकेट**
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास, सिटी सेंटर, ग्वालियर (म.प्र.) मो.नं. 98276-72710

## आम सूचना

श्री रामभरोसी सिंह पुत्र श्री बाबू सिंह राजपूत के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.11, 12 स्थित नागाजी धाम कॉलोनी फेस-1, न्यू गुलाबपुरी, ग्राम मुरार, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.26 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्रमांक 423/2, 423/2/2, 444/1/2, 444/1/2/1 ग्राम मुरार का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 2307 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भूखण्ड क्र.13, पश्चिम में भूखण्ड क्र.10, उत्तर में कॉमन रोड एवं दक्षिण में-भूमि दीगर है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री बाबू सिंह पुत्र श्री ओछे सिंह, श्री रामभरोसी सिंह, श्री राजेन्द्र सिंह पुत्रगण श्री बाबू सिंह, श्री श्यामलाल पुत्र मान सिंह, श्री भानकेलाल, श्री गोकुल सिंह, श्री महेन्द्र सिंह पुत्रगण श्री श्यामलाल एवं श्री विजय सिंह राठौर पुत्र श्री राम सिंह राठौर के संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व की थी। श्री रामभरोसी सिंह द्वारा उक्त सम्पति एवं संलग्न के संबंध में श्री सत्यवीर सिंह पुत्र श्री श्याम सिंह तोमर के हित में ई-रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम विलेख क्रमांक एमपी 21 आईजीआर 17412025ए400606468 दिनांक 14.07.2025 को सम्पादित किया गया। श्री रामभरोसी सिंह जर्ये मुख्त्यारआम श्री सत्यवीर सिंह द्वारा उक्त सम्पति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती अनीता तोमर पत्नी स्व. श्री रनवीर सिंह तोमर के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती अनीता तोमर द्वारा उक्त सम्पति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार पीएनबी हाउसिंग फायनेंस लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित-निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरुद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक- **नीरज जैन (एडवोकेट)**
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास, सिटी सेंटर, ग्वालियर (म.प्र.) मो.नं. 98276-72710

## आम सूचना

**आवेदिका श्रीमती ज्योति गौड़ पत्नी श्री दीपक कुमार, निवासी- महाराजपुर रोड, दुर्गा विहार कॉलोनी, मुरैना (म.प्र.) के निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि, आवेदिका ने अग्रउल्लेखित संपत्ति को भावी बिक्रेतागण से क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्था से ऋण सुविधा प्राप्त करने जा रही है। भावी बिक्रेतागण दिलीप, तोताराम, दिनेश व संदीप पुत्रगण स्व. श्री खरगपति एवं रामबाई व मंजू पुत्रियां स्व. श्री खरगपति एवं कान्ती देवी पत्नी स्व. श्री खरगपति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की अचल संपत्ति का एक भवन, क्षेत्रफल 1800 वर्गफिट, सर्वे क्रमांक 1370/2/34 ग्राम महाराजपुर, महाराजपुर रोड, बिजली घर के पास, दुर्गा विहार कॉलोनी जिला मुरैना (म. प्र.) में स्थित है होकर जिसके पूर्व में - रोड, पश्चिम में - भूमि दीगर, उत्तर में - भवन सियाराम तथा दक्षिण में - भवन राजवीर गुर्जर है जो भावी बिक्रेतागण को उत्तराधिकार के रुप में प्राप्त होकर उनका नाम नगर पालिक निगम में अंकित होकर उनके द्वारा संपत्ति कर अदा किया जा रहा है। आवेदिका उक्त संपत्ति को क्रय कर मेरे पक्षकार वित्तीय संस्था के यहां साम्यिक बंधक कर ऋण सुविधा लेने जा रही है। चूंकि उक्त संपत्ति पर ऋण देना प्रस्तावित है यदि उक्त संबंधित संबंधित संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति जो उक्त संपत्ति को अपने स्वामित्व की संपत्ति होना व्यक्त करता हो, ऐसे उत्तराधिकारी को या अन्यथा भी किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय अन्यथा भी किसी को उक्त संपत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपत्ति किसी भी माध्यम से रखता हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के लिखित रुप में नोटिस प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् उक्त आवेदिका ऋण आवेदन स्वीकार योग्य पाये जाने पर मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त संपत्ति को बंधक कर उसे ऋण सुविधा प्रदाय कर दी जावेगी। उसके उपरांत् कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निरर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा बंधकगृहिता पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तद्नुसार सूचित हो। दिनांक 23.11.2026**

प्रेषक- **गजेन्द्र कुमार भार्गव (एडवोकेट)**
कार्या./नि.- हैदरगंज, मामा का बाजार, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.)
कार्या. समय : 7:00 से 9:00 (सुबह एवं शाम)
**मो. 9301122311**

## आम सूचना

श्री गंगाराम सिह भदौरिया पुत्र श्री राम लखन सिंह भदौरिया के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भूखण्ड, स्थित मौहल्ला गाँधी नगर, ग्राम विक्रमपुर, तहसील व जिला भिण्ड (म.प्र.) है जो नगर पालिका भिण्ड वार्ड क्र.07 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.215 ग्राम विक्रमपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 420 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में रास्ता 25 फुट चौड़ा, पश्चिम में सम्पति श्री पंयम सिंह, उत्तर में-सम्पति श्री शिव सिंह एवं दक्षिण में सम्पति श्री भारत सिंह एवं श्री शिव सिंह है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्रीमती हेमा मिश्रा पत्नी डॉ. श्री राकेश मिश्रा के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती हेमा मिश्रा जर्ये मुख्त्यारआम श्री वीरेन्द्र सिंह चतुर्वेदी पुत्र श्री यदुनाथ सिंह चतुर्वेदी द्वारा सम्पति 1680 वर्गफुट एरिया श्री मुन्नी सिंह एवं श्री शिव सिंह पुत्रगण श्री नारायण सिंह, श्री राम लखन सिंह एवं श्री भारत सिंह पुत्रगण श्री वंदन सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.2640 दिनाक 06.01.1994 से विक्रय की गई। श्री राम लखन सिंह द्वारा उक्त सम्पति श्री गंगाराम सिंह भदौरिया पुत्र श्री राम लखन सिंह भदौरिया को ई-रजिस्टर्ड दानपत्र विलेख क्र. एमपी042902023 ए11937447 दिनांक 05.06.2023 से विक्रय की गई। श्री गंगाराम सिंह भदौरिया उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मैसर्स चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फायनेंस कं. लि. (सी.आई.एफ.सी.एल.) ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरुद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
**नीरज जैन, एडवोकेट**
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास, सिटी सेंटर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती बैकुन्ठी पत्नी श्री जगदीश नामदेव ने उक्त अचल सम्पति प्लॉट क्र. 82 व 83 का भाग स्थित श्रीराम मंदिर के पास, पीताम्बरा कॉलोनी, सुभाष नगर ग्राम बड़ोखर जिला मुरैना में है। जो कि सर्वे क्र. 1096/2 का भाग 675 वर्गफुट है। जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता गजेन्द्र पुत्र श्री रामदयाल के सहभूस्वामी सुरेन्द्र सिंह, मुकेश, गिरांज, मोतीसिंह, वीरेन्द्र पुत्रगण स्व. श्री रामदयाल व शकुन्तला पुत्री स्व. श्री रामदयाल वगैरा काश्त की कृषि भूमि खसरे में संयुक्त भूमि राजस्व अभिलेख में भूमि स्वामी की हैसियत से दर्ज होकर चली आ रही। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है। पूर्व में-रोड, पश्चिम में-भूमि विक्रेता बाद प्लॉट क्र. 71 व 72, उत्तर में - प्लॉट कुशवाह 83 का भाग, दक्षिण में-प्लॉट रवि राठौर 82 का भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 675 वर्गफुट है। मेरी पक्षकारा के विक्रेता गजेन्द्र पुत्र श्री रामदयाल के द्वारा उक्त अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 82 व 83 का भाग मेरी पक्षकारा श्रीमती बैकुन्ठी पत्नि श्री जगदीश नामदेव को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागो या प्राईवेट फायनेंशर को कोई या विक्रेता के परिवारिक सदस्य सहभूस्वामी सुरेन्द्र सिंह, मुकेश, गिरांज, मोतीसिंह, वीरेन्द्र पुत्रगण स्व. श्री रामदयाल व शकुन्तला, सुधा, कमलेश पुत्रिया स्व. श्री रामदयाल एंव श्रीमती रामवती पत्नी केदार सिंह, दिलीप सिंह पुत्र श्री केदार सिंह को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 05 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा श्रीमती बैकुन्ठी पत्नी श्री जगदीश नामदेव ने उक्त अचल सम्पति प्लॉट क्र. 82 व 83 का भाग कुल क्षेत्रफल 675 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा आदित्य बिरला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो।

**दिनांक 23.11.2026**
**स्थान ग्वालियर**
**भवदीय- संजय बाकलीवाल (एडवोकेट)**
**चिक संतर मुरार ग्वालियर मो. 9300981954**

IIFL FINANCE

**आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड। CIN: L67100MH1995PLC093797**
**पंजीकृत कार्यालय:** आईआईएफएल हाउस, सन इन्फोटेक पार्क, रोड नंबर 16वी, प्लॉट नंबर बी-23, ठाणे इंडस्ट्रियल एरिया, वागले एस्टेट, ठाणे - 400604
फ़ोन: 022-41035000 • फ़ैक्स: 022-25806654 • टोल-फ्री: 1860-267-3000
ई-मेल: gold-helpline@iifl.com • वेबसाइट: www.iifl.com

**सार्वजनिक सूचना - गिरवी रखे गए सोने की नीलामी**

संबंधित उधारकर्ताओं/कानूनी उत्तराधिकारियों और आम जनता को सूचित किया जाता है कि आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड ("आईआईएफएल") - जो भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ पंजीकृत एक नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी है - यहाँ बताए गए लोन अकाउंट्स में गिरवी रखे गए सोने की सार्वजनिक नीलामी करेगी, जहाँ उधारकर्ता ने भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के समय-समय पर जारी निर्देशों ("RBI निर्देश"), लोन एग्रीमेंट की शर्तों और आईआईएफएल के बोर्ड से मंज़ूर गोल्ड लोन पॉलिसी के अनुसार, संचार के उपलब्ध माध्यमों से नीलामी का नोटिस और रिमाइंडर मिलने के बावजूद अपने लोन अकाउंट का भुगतान नहीं किया है या उसे नियमित नहीं किया है।

**नीलामी की तारीख, समय और जगह:** सार्वजनिक नीलामी **03.12.2026 को सुबह 10:00 बजे से** आईआईएफएल की इस ब्रांच में होगी: **मुरैना - मुरैना जी.एल., आईआईएफएल गोल्ड लोन, ग्राउंड फ्लोर, साबिर हुसैन फ़िज़ा प्लाज़ा, एस.पी. बंगले के सामने, एम.एस. रोड, मुरैना, पिन कोड - ४७६००१ (मध्य प्रदेश)।।**

यह नीलामी उसी ज़िले में मौजूद लोन देने वाली शाखाओं के लोन अकाउंट से जुड़ी है।

**गोल्ड लोन अकाउंट का विवरण:** लोन अकाउंट नंबर- GL40929359, GL46086157, GL35696625, GL43998397, GL44170665, GL43478539, GL43275926, GL43368164, GL45006937, GL50669643, GL45602484, GL51265422, GL50703489, GL43502965